देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 258 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
टर्मिनेटर का आना



देहरादून, शुक्रवार, 22 नवंबर 2019

# पेज थ्री

PAGE 3 PUBLICATION



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 13.0° | 40575.17

2 चीफ जस्टिस की इमरान खान को सलाह | 7 ऑस्ट्रेलिया में डे-नाइट टेस्ट खेलेंगे कोहली

# कांग्रेस ने रोकी थी राम की राह

## अमित शाह बोले- अयोध्या में आसमान छूने वाला भव्य राम मंदिर बनेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लातेहार। झारखंड में एक बार फिर से सत्ता में बीजेपी की वापसी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कमान कस ली है और चुनाव प्रचार का उन्होंने शंखनाद भी कर दिया है। झारखंड के लातेहार में शाह ने राम मंदिर का जिक्र कर कांग्रेस को घेरा। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अयोध्या मामले में अड़चनें पैदा कीं। अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। कोर्ट के फैसले से अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है और अब वहां आसमान छूने वाला भव्य मंदिर बनेगा।

शाह ने जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेने के केंद्र सरकार के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने वोट बैंक के लालच में मामले को 70 साल से लटकाए हुए थी, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत माता के मुकुटमणि पर लगे आर्टिकल 370 के कलंक को हटाकर कश्मीर के विकास के रास्ते खोल दिए हैं। फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद पहले ही सत्र के अंदर कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35। को हटाने का काम नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने किया।

### झारखंड में चुनाव प्रचार का किया शंखनाद

**नक्सलवाद खत्म करने का दावा:** गृहमंत्री ने दावा किया कि बीजेपी की रघुबर दास सरकार ने पांच साल में प्रदेश से नक्सलवाद खत्म कर दिया। नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में रघुबर दास सरकार ने ढेर सारे कदम उठाए हैं। इसी कारण आज झारखंड के कोने कोने में बिजली, सड़क, पीने का पानी और सिलेंडर आदि पहुंचे।

### आदिवासियों को लुभाने की कोशिश

गृह मंत्री ने इसके अलावा रैली के दौरान आदिवासी वोटरों को भी लुभाने की कोशिश की। शाह ने केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि बीजेपी सरकार ने 5 साल में आदिवासियों का गौरव बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने आदिवासियों के विकास के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड के तहत 32 हजार करोड़ रुपये दिए हैं।

# सबकुछ ट्रैक पर, आज मुंबई में फिर मीटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ गठबंधन सरकार बनाने को लेकर कांग्रेस और एनसीपी में रजामंदी बनती दिख रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने दिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार समेत पार्टी के तमाम नेताओं के साथ बैठक के बाद सकारात्मक संकेत दिए। हां, नां से आगे बढ़ते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार गठन को लेकर जो कवायद चल रही है, उसमें आज कांग्रेस और एनसीपी के बीच चर्चा का अगला दौर पूरा हुआ। सभी मुद्दों पर हमारे बीच आम राय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि अब जो चर्चा है, वो हम मुंबई में करेंगे।

कांग्रेस नेता के इस बयान से साफ है कि दोनों पार्टियां शिवसेना के साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं और अब केवल सरकार के स्वरूप, मंत्रालयों के बंटवारे पर ही मंथन चल रहा है। चव्हाण ने कहा कि दरअसल, चुनाव पूर्व जो हमारे गठबंधन के पार्टनर थे, उनके साथ हम मुंबई में बैठक करेंगे। उन्हें हाल में सरकार बनाने को लेकर हुई बैठकों के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही उनकी राय लेंगे और इसके बाद एनसीपी और शिवसेना के साथ फाइनल बैठक कर सरकार के स्वरूप का ऐलान किया जाएगा।

इससे पहले बृहस्पतिवार के दिन में सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद ही कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने साफ कर दिया था कि अब चर्चा अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि शुक्रवार को मुंबई में एक फैसला हो सकता है। ऐसे में साफ है कि शाम तक महाराष्ट्र में सरकार को लेकर जारी अनिश्चितता का दौर खत्म हो सकता है। उधर, महाराष्ट्र विधान भवन में कल कांग्रेस के विधायक दल की बैठक बुलाई गई है, जिसमें पार्टी के विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

### बैठक

महाराष्ट्र सरकार पर एनसीपी-कांग्रेस की बैठक

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश ने ठुकराया चाचा शिवपाल का ऑफर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव का बड़ा ऑफर ठुकरा दिया है। अखिलेश यादव को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का समाजवादी पार्टी से चाचा की पार्टी का गठबंधन मंजूर नहीं है। प्रयागराज में समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक विजमा यादव की बेटी की ज्योति यादव के विवाह समारोह में पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने केपी कालेज मैदान में विजमा यादव को बेटी की शादी की बधाई दीं और बेटी को शुभकामनाएं दीं।

### विनिवेश नहीं है समाधान का तरीका: ममता बनर्जी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। सरकार ने आर्थिक सुधार के मोर्चे पर बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), भारतीय जहाजरानी निगम और कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया समेत पांच प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों में सरकार की हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दे दी। उधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि विनिवेश समाधान का तरीका नहीं है क्योंकि आर्थिक संकट गहराएगा।

### पासवान का केजरीवाल को जवाब, मैंने नहीं की नमूने की जांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय खाद्य व उपभोक्ता मामलों के मंत्री राम विलास पासवान ने झूठ फैलाने के सीएम अरविंद केजरीवाल के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पानी के गुणवत्ता की जांच उन्होंने नहीं की, बल्कि यह बीआईएस ने की है। उन्होंने कहा, हमने क्वॉलिटी चेक नहीं की है। यह देश के प्रतिष्ठित संस्थान बीआईएस ने किया है। इसने यह बताया है कि दिल्ली का पानी मानकों पर खरा नहीं उतरा है।

# चुनावी बॉन्ड पर कांग्रेस का हमला

## भ्रष्टाचार को सरकार ने अमली जामा पहनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों ही सदनों पर विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस हंगामा कर रही है। लोकसभा में आज कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने शून्यकाल में इलेक्टॉरल बॉन्ड का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड जारी करने के कारण सरकारी भ्रष्टाचार को स्वीकृति दे दी। राज्यसभा में भी चुनावी बॉन्ड के मुद्दे पर कांग्रेस सांसदों और अन्य विपक्षी दलों ने हंगामा किया। चुनावी बॉन्ड का मुद्दा उठाते हुए उच्च सदन से कांग्रेस ने वॉकआउट भी किया जिसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

मनीष तिवारी ने इलेक्टॉरल बॉन्ड को सियासत में पूंजीपतियों का दखल करार दिया। उन्होंने कहा, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और चुनाव आयोग के विरोध के बाद भी चुनावी बॉन्ड जारी किए उससे सरकारी भ्रष्टाचार के ऊपर एक अमलीजामा चढ़ गया है। 2014 से पहले इस देश में एक मूलभूत ढांचा था। उस ढांचे के तहत जो धनपशु लोग हैं जो अमीर लोग हैं, उनका भारत की सियासत में पैसे के हस्तक्षेप पर एक नियंत्रण था।

**सरकार पर भ्रष्टाचार को व्यवस्था का हिस्सा बनाने का आरोप:** तिवारी ने चुनावी बॉन्ड पर सवाल उठाते हुए कहा, 1 फरवरी 2017 को इस सरकार ने अज्ञात इलेक्टॉरल बॉन्ड का प्रावधान किया। इस प्रावधान के बाद अब न तो जो डोनर है उसका पता चल सकता है और न कितना पैसा दिया गया और किस पार्टी को दिया गया, किसको दिया गया उसका ही पता चल सकता है।

### कर्नाटक चुनाव को लेकर उठाए सवाल

कांग्रेस सांसद ने कर्नाटक चुनाव में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, आपको बहुत गंभीरता और जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं कि पहले यह स्कीम सिर्फ लोकसभा के आम चुनाव तक सीमित थी। विडंबना की बात है कि 11 अप्रैल 2018 को कर्नाटक चुनाव से ठीक पहले इसे विधानसभा चुनाव में लागू किया गया। हालांकि, इस पर लोकसभा स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए नाम नहीं लेने की हिदायत दी।

### क्या हैं चुनावी बॉन्ड?

सरकार राजनीतिक दलों को नकद में मिलने वाले चंदे के विकल्प के रूप में चुनावी बॉन्ड लेकर आई थी। 2017-18 के बजट के दौरान चुनावी बॉन्ड शुरू करने की घोषणा की गई थी। यह करंसी नोट की तरह ही होता है जिसके ऊपर इसकी कीमत लिखी होती है। चुनावी बांड 1000, 10,000 और 1 लाख और 1 करोड़ रुपये के मल्टीपल में खरीदे जा सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक की 29 शाखाओं को चुनावी बॉन्ड जारी करने और इसे भुनाने के लिए अधिकृत किया गया है। ये शाखाएं नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नै, गांधीनगर, चंडीगढ़, रांची और बेंगलुरु में स्थित हैं।

## डिफेंस पैनल में साध्वी प्रज्ञा को शामिल किए जाने को कांग्रेस ने बताया जवानों का अपमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति में बीजेपी सांसद और मालेगांव ब्लास्ट की आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह को शामिल किए जाने पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने इसे देश के जवानों का अपमान बताया है।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने ट्वीट किया कि आतंकवाद फैलाने की आरोपी को डिफेंस पैनल में शामिल करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने पीएम मोदी के उस बयान पर भी तंज कसा कि वह साध्वी प्रज्ञा को कभी हृदय से माफ नहीं कर पाएंगे और लिखा कि मोदी है तो मुमकिन है।

**आतंक की आरोपी का डिफेंस पैनल में होना दुर्भाग्यपूर्ण:** सुरजेवाला ने ट्वीट किया, श्यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आतंक फैलाने का आरोप झेल रही सांसद को सुरक्षा संबंधी कमिटी का सदस्य बना दिया। मोदी जी इन्हें मन से माफ नही कर पाए, लेकिन देश की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जिम्मेदारी दे दी। इसीलिए तो मोदी है तो मुमकिन है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत ने की मांग-बिना नुकसान पहुंचाए करो वापस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान में पकड़े गए दो भारतीय नागरिकों को राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराने की मांग की है। भारत ने साथ ही आशा जाहिर की है कि दोनों को पाक के प्रॉपेगैंडा का शिकार नहीं होना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना और मध्य प्रदेश निवासी प्रशांत वैन्धम और वरी लाल को 14 नवंबर को बहवालपुर में गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान पुलिस ने दावा किया है कि वैन्धम और धारी लाल को 14 नवम्बर को यजमन पुलिस के एक गश्ती दल ने तब गिरफ्तार किया था, जब वह बहावलपुर जिले में चोलिस्तान क्षेत्र से अवैध तरीके से पाकिस्तान में दाखिल हो रहे थे।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा, श्हमें उम्मीद है कि दोनों पाकिस्तान के प्रॉपेगैंडा का शिकार नहीं होंगे। दोनों को बिना नुकसान पहुंचाए वापस भारत भेज देना चाहिए।

मंत्रालय ने कहा, भारत ने पाकिस्तान से मांग की है कि दोनों नागरिकों-प्रशांत वैन्धम और धारी लाल को राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराई जाए।

### पकिस्तान में दो भारतीय अरेस्ट राजनयिक पहुंच कराए उपलब्ध